हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

मिल्कियाना®
Balanced Cattle Feed
Presents

कृषि संवाद

Agriculture Canclave 2026



Thursday, 22 Oct 2026

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

Health Partner
ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप

यादव महासभा छत्तीसगढ़ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त हुए नरेंद्र



सरायपाली। अखिल भारतीय यादव महासभा (छत्तीसगढ़) ने संगठनात्मक विस्तार एवं समाज को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए नरेंद्र कुमार यादव को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। महासभा द्वारा 13 अक्टूबर 2026 को जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार, उनकी नियुक्ति राष्ट्रीय नेतृत्व की सहमति एवं प्रदेश नेतृत्व की अनुशंसा पर की गई है। उनकी नियुक्ति से यादव समाज में हर्ष का माहौल है। समाज के लोगों, शुभचिंतकों एवं इष्ट-मित्रों ने हर्ष जताया है।

गौरव बने उजल बाघ कठिन परिस्थितियों में हासिल की एमबीबीएस की उपलब्धि



सरायपाली। प्रतिभा लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर कठिन परिस्थितियों को पीछे छोड़कर सफलता हासिल करने वाले ग्राम अर्जुण्डा के उजल बाघ ने मगधा यादव समाज का गौरव बढ़ाया है। एक साधारण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से ताल्लुक रखने वाले उजल बाघ वर्तमान में चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल गवर्नमेंट पं मेडिकल कॉलेज, दुर्ग में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। उजल बाघ, स्वर्गीय प्रदीप बाघ एवं बिलासिनी बाघ के सुपुत्र हैं। वे ग्राम अर्जुंडा विकासखंड सरायपाली के निवासी हैं। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और क शिक्षा के प्रति समर्पण से चिकित्सा क्षेत्र में प्रवेश पाने का सपना साकार किया है।

महुआ शराब बरामद एक गिरफ्तार

महासमुंद। नरसिंगपुर मोड़ पुलिया के पास बसना पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि नरसिंगपुर मोड पुलिया ग्राम जर्रा के पास विक्रम बेहरा नाम का व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब रख कर ग्राहक की तलाश कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेही से पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम पता विक्रम बेहरा पिता चमार प्रसाद बेहरा (40 साल) जर्रा थाना बसना जिला महासमुंद होना बताया।

दिल्ली में कांग्रेस सांसद के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा ने किया विरोध-प्रदर्शन

विरोध प्रदर्शन के दौरान अलग अंदाज में नजर आईं महासमुंद सांसद व महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



महासमुंद सांसद एवं भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी मंगलवार को नई दिल्ली में कांग्रेस सांसद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अलग अंदाज में नजर आईं। महिला मोर्चा की सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन करते हुए उन्होंने बैरिकेड्स पर चढ़कर कांग्रेस मुख्यालय में प्रवेश करने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को संभाल लिया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मतदाता सूचियों में व्यापक अनियमितताओं के आरोपों को लेकर दिल्ली सहित देशभर में कांग्रेस और सहयोगी दलों के प्रदर्शनों के बीच भाजपा महिला मोर्चा ने मंगलवार को दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया। यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे कांग्रेस सांसद को संरक्षण देने का आरोप राहुल गांधी पर लगाते हुए महिला मोर्चा ने यह प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा संबंधित सांसद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है।

कांग्रेस मुख्यालय के समक्ष हुए प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने देशभर से आई महिलाओं के साथ कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अपने संबोधन में श्रीमती चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और होते हैं, उसी तरह कांग्रेस का रवैया भी है। प्रियंका गांधी ने कहा था "लड़की हूं, लड़ सकती हूं।" लेकिन इसके विपरीत महिलाओं को सम्मान नहीं दिया जा रहा है।

यौन उत्पीड़न के आरोपी सांसद को कांग्रेस पार्टी द्वारा संरक्षण दिए जाने का आरोप लगाते हुए श्रीमती चौधरी ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और न्याय के मामले में कांग्रेस का रवैया उसके कथनों के विपरीत है। चौधरी ने कहा, "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता" अर्थात जहाँ नारी की पूजा होती है, वहाँ देवताओं का वास होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन को प्राथमिकता देते हुए इस दिशा में कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

भठोरी में घर घुसकर गाली गलौज, धमकी आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

महासमुंद। ग्राम भठोरी के एक घर में घुसकर गाली गलौज, धमकी देने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थिया सुमन पटेल ने पुलिस को बताया कि उसके ससुर रूपसाय पटेल को शासन से ग्राम भठोरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 311/4 रकबा 148 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 309/5 रकबा 377.05 हेक्टेयर, खसरा नंबर 311/5 रकबा 39.23 हेक्टेयर भूमि स्वामित्व हक में पट्टा प्राप्त हुआ है, जिसमें से वे खसरा नंबर 309/5, रकबा 377.05 में मकान बनाकर निवास कर रहे हैं। 28 सितंबर की दोपहर करीबन 1 बजे ग्राम भठोरी के सियाराम पटेल, सुरेश पटेल अपने अन्य साथियों के साथ उसके घर में आए और तुम लोग अवैध कब्जा किए हो कहते हुए घर को खाली करने लगा। साथ ही धमकी और गाली गलौज करते हुए प्रार्थिया के पति जागेश्वर पटेल के साथ गाली गलौज किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

नवरात्रि में विधायक ने किए देवी मंदिरों में दर्शन पूजन, क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नवरात्रि के पावन अवसर पर महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न देवी मंदिरों में पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान उन्होंने घोड़ारी स्थित काली माता मंदिर, बिरकोनी स्थित चंडी माता मंदिर, कोडार स्थित खल्लारी माता मंदिर, पटेवा स्थित पतई माता मंदिर तथा बावनकेरा स्थित मुंगई माता मंदिर में पहुंचकर श्रद्धापूर्वक माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

विधायक सिन्हा ने सर्वप्रथम घोड़ारी स्थित काली माता मंदिर में दर्शन-पूजन कर माता के चरणों में शीश नवाया। इसके पश्चात बिरकोनी में चंडी माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने कोडार स्थित खल्लारी माता मंदिर में माता रानी के दर्शन कर क्षेत्र की उन्नति एवं खुशहाली की प्रार्थना की। इसी क्रम में पटेवा स्थित पतई माता मंदिर तथा बावनकेरा स्थित मुंगई माता मंदिर में भी दर्शन-पूजन कर सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहने की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति, आस्था और शक्ति उपासना का महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व हमें धर्म, सेवा, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। माता रानी के विभिन्न स्वरूपों की आराधना कर श्रद्धालु अपने परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं। विधायक सिन्हा ने भी इस पावन अवसर पर माता रानी से महासमुंद विधानसभा क्षेत्र सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ की उन्नति, प्रगति एवं जनकल्याण की कामना की। विधायक ने कामना की कि मां दुर्गा की कृपा सभी क्षेत्रवासियों पर बनी रहे तथा प्रत्येक परिवार में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली का वास हो। किसानों को उनकी मेहनत का उचित फल मिले, युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त हों तथा महिलाओं और समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए। उन्होंने माता रानी से प्रदेश की निरंतर प्रगति और जन-जन के कल्याण की प्रार्थना की।

यह रहे उपस्थित

इस दौरान मंडल अध्यक्ष तेजेंद्र शर्मा, डिगेश्वरी चंद्राकर, श्याम साकरकर, नंदलाल पटेल, जनक साहू, सरपंच कुमार सिंह पटेल, सरपंच पार्वती बंजारे, सुधीर बंजारे, कोमल निषाद, गोपाल दास, सालिक पटेल, मनीष नंदे, उदय ढीढी, गणपत यादव, मनोज निषाद, चंद्रिका मन्नाडे, सुशीला सोनवानी, आशा निषाद, जतिन रूपरेला सहित अन्य श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

नवरात्रि के अवसर पर सरस्वती माता की प्रतिमा स्थापित



महासमुंद। नवरात्रि के मौके पर नगर के गुडरूपारा कन्या छात्रावास के पास मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई। वार्डवासियों ने बताया कि मां सरस्वती की प्रतिमा 10-12 वर्षों से स्थापित की जा रही है। समिति के दुष्यंत कन्नौजे, अरुण यादव, निखिल भट्ट, कुणाल कन्नौजे, खुशहाल कन्नौजे, हर्ष कन्नौजे, राज देवदास, गजेंद्र कन्नौजे एवं अन्य लोग व्यवस्था में जुटे हुए हैं।

80 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को यात्री बसों में निःशुल्क यात्रा के लिए मिलेगा बस पास

महासमुंद। परिवहन आयुक्त कार्यालय, नवा रायपुर के निर्देशानुसार वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों को यात्री बसों में यात्रा के लिए निःशुल्क बस पास जारी किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला ने बताया कि निःशुल्क बस पास प्राप्त करने के इच्छुक पात्र वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड की छायाप्रति तथा पासपोर्ट साइज के दो नवीनतम फोटो जमा करने होंगे। इच्छुक आवेदक इन दस्तावेजों को जिला परिवहन कार्यालय, महासमुंद में कार्यालयीन दिवसों के दौरान सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक जमा कर सकते हैं। जिला परिवहन विभाग द्वारा पात्र वरिष्ठ नागरिकों से निर्धारित दस्तावेज जमा कर निःशुल्क बस पास की सुविधा का लाभ लेने की अपील की गई है।

कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए, मिले 62 आवेदन

महासमुंद। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन के माध्यम से जिले से संबंधित विभिन्न मांगों और शिकायतों से जुड़े 62 आवेदन नागरिकों से मुलाकात कर प्राप्त किए। इस अवसर पर उपस्थित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सभाकक्ष में ही आवेदक से आमने सामने रूबरू कराकर मौके पर कई आवेदनों का निराकरण किए, वहीं जिले के अनुभाग के राजस्व अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़कर जनदर्शन से जुड़े आवेदनों के निराकरण के लिए मौजूद रहे। कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों में ग्राम बुंदेली के कबीर आश्रम में भवन निर्माण एवं मरम्मत, मजदूरी भुगतान, इलाज में मदद एवं कानूनी कार्रवाई, गैस एजेंसी संचालक की शिकायत, मचेवा में जल उपलब्ध कराने, मत्स्य समिति से पृथक करने, पासीद में रेत लोडिंग में श्रमिकों को लेने, दिव्यांग द्वारा स्वरोजगार के लिए कम्प्यूटर सिस्टम की मांग, नौकरी दिलाने, निलंबन के विरुद्ध शिकायत, निर्विरोध चुनाव का प्रोत्साहन राशि, पंचो का मानदेय, आरंगी समिति में नियमित प्रबंधक की व्यवस्था, पूर्वज की जमीन पर प्रताड़ित करने वाले के विरुद्ध शिकायत, अवैध मलबा हटाने, विद्युत खम्भा हटाने, विद्युत कनेक्शन हटाने, ग्राम पटेल को हटाने, नौकरी को नियमित करने, वन विभाग अंतर्गत सड़क का बरसाती मरम्मत स्वीकृति दिलाने शामिल थे।योजनाओ से लाभ के लिए प्राप्त आवेदन में पीएम आवास, पीएम किसान सम्मान निधि, पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना की राशि, महतारी वंदन राशि, पेंशन, पीएम आवास की दूसरी किश्त, जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र से संबंधित थे। वहीं राजस्व मामले में, ग्राम लाफीन खुर्द में अतिक्रमण हटाने, सीमांकन, सयुंक्त खाता में सभी सदस्यों के सहमति के बिना समिति में पंजीयन नहीं करने, एग्रीस्टेक पर रोक लगाने, पटवारी के विरुद्ध शिकायत, गली से अवैध कब्जा हटाने, बंटवारा, फसल गिरदावरी में त्रुटि सुधार, भूमि रिकार्ड में नाम जुड़वाने, फौत नामांतरण में नाम सुधार के आवेदन प्राप्त हुए।

दुर्गावाहिनी रास गरबा महोत्सव के दूसरे दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, भक्तिमय माहौल में झूमे गरबा प्रेमी



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विश्व हिंदू परिषद एवं सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में स्थानीय हाईस्कूल मैदान में आयोजित दुर्गावाहिनी रास गरबा महोत्सव 2026 के द्वितीय दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं गरबा प्रेमियों की उपस्थिति रही। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति, उत्साह और भारतीय संस्कृति की अनुपम छटा देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से माता रानी की आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात पारंपरिक गरबा नृत्य का शुभारंभ किया गया, जिसमें महिलाओं, युवतियों एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पारंपरिक वेशभूषा और गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय एवं उत्सवमय बना दिया। महोत्सव के द्वितीय दिवस से प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से 'बेस्ट ड्रेस' एवं 'बेस्ट गरबा डांस' की श्रेणियों में ख़ुशिमता साहू को बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार दिया गया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से पारंपरिक वेशभूषा, भारतीय संस्कृति और गरबा नृत्य की सुंदरता को प्रोत्साहित किया जा रहा है। आयोजन में उपस्थित लोगों ने पारंपरिक एवं धार्मिक स्वरूप में गरबा महोत्सव के आयोजन की सराहना की। देर रात तक गरबा की धूम बनी रही। कार्यक्रम के समापन पर माता रानी की आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। दुर्गावाहिनी रास गरबा महोत्सव का उद्देश्य नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्ति, संस्कृति और संस्कारों को बढ़ावा देना तथा परिवारों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण में एकजुट करना है। आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता से उत्सव का उत्साह लगातार बढ़ रहा है।

खल्लारी में शृंगार पंचमी पर निकलेगी 751 मीटर की चुनरी यात्रा, पहाड़ी के नीचे होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी में शारदीय क्वांर नवरात्र पर शृंगार पंचमी को ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है। खल्लारी माता के जयघोष के साथ 751 मीटर की भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। गुरुवार 15 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से पहाड़ी नीचे, खल्लारी से प्रारंभ होकर माता के दरबार तक पहुंचेगी। जहां हजारों श्रद्धालु लाल चुनरी को हाथों में लेकर माता के जयकारे लगाते हुए चलेंगे।

आयोजन समिति के सदस्य रमनदास वैष्णव (महाराज) खल्लारी ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजक खल्लारी देवी ट्रस्ट खल्लारी, दानदाताओं द्वारा संचालित भंडारा एवं विकास समिति खल्लारी, ग्राम पंचायत खल्लारी, ग्राम सुरक्षा एवं विकास समिति, जय मां खल्लारी व्यापारी संघ, बस स्टैंड खल्लारी व समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी हैं। आयोजन के पदाधिकारियों ने सभी माता भक्तों, क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

न्यायालय नायब तहसीलदार तुमगांव जिला महासमुंद (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ है कि ग्राम खैरझिटी आवेदक चेतनलाल गायकवाड़ पिता मोहनलाल गायकवाड़ जाति सतनामी के द्वारा आवेदक की स्वयं निवासी ग्राम खैरझिटी तहसील व जिला महासमुंद की जन्म दिनांक 10.01.1995 को हो चुका है तथा आवेदक की स्वयं चेतनलाल गायकवाड़ पिता मोहनलाल गायकवाड़ तहसील व जिला महासमुंद की जन्म दिनांक 10.01.1995 को हो चुका है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय की पेशी तारीख 16.10.2026 को पेश कर सकते है। नियत तिथी पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01.10.2026 क मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तसहीलदार
तुमगांव जिला-
महासमुंद (छ.ग.)

खरोरा में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित, 45 ज्योति कलश भी प्रज्ज्वलित





महासमुंद। ग्राम खरोरा में शारदीय नवरात्र पर सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति, बस्तीपारा द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर ज्योत-जवारा कलश स्थापना के साथ नवरात्र पर्व का शुभारंभ किया गया। बस्तीपारा की सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति 50 वर्षों से कर रही मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना। इस बार 45 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित किए गए हैं।



तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

4 शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर...



4 महर्षि विद्या मंदिर में आपदा प्रबंधन पर हुआ...



ओपन परीक्षा में 10वीं,12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारमुखी प्रशिक्षण फायर सेफ्टी के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
14 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
8

वैष्णो देवी धाम की तर्ज पर बनी गुफा में हो रहे माता के नौ रूपों के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवरात्रि पर माता मंदिरों के साथ पंडालों में आस्था और भक्ति का उमड़ रहा सैलाब

शहर में नवरात्र के अवसर पर माता मंदिरों के साथ पंडालों में भी आस्था और भक्ति का सैलाब उमड़ रहा है। दादाबाड़ा स्थित बस स्टैंड दुर्गा पूजन उत्सव समिति द्वारा श्रद्धालुओं को माता रानी के दर्शन के लिए वैष्णो देवी धाम जैसी अनुभूति कराने के विशाल कृत्रिम गुफा का निर्माण कराया है। गुफा के भीतर प्राकृतिक पहाड़ियों, चट्टानों, वृक्षों की जड़ों और संकरे रास्तों का ऐसा स्वरूप तैयार किया है जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक यात्रा जैसा अनुभव मिल सके। खास बात यह है कि इस बार श्रद्धालु एक ही परिसर में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के दर्शन कर रहे हैं। गुफा के बाहरी हिस्से में 16 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा स्थापित की गयी है। इसके साथ ही चार धाम की प्रतीकात्मक झांकी भी तैयार कराई गई है। इसमें बद्रीनाथ, द्वारका, जगन्नाथपुरी और रामेश्वरम से जुड़े धार्मिक प्रतीकों के दर्शन हो रहे हैं। तिरुपति बालाजी का प्रथम दर्शन भी यहां हो रहा है। विशाल गुफा के अलग-अलग हिस्सों में मां दुर्गा के नौ स्वरूप स्थापित किए गए हैं। पंडाल के भीतर ही श्रद्धालु मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री के दर्शन प्राप्त कर रहे हैं।





नवरात्रि विशेष



चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम।।

समस्या: शहर के गोल बाजार में सबसे अधिक भीड़ और समस्या

त्यौहार के दौरान व्यवस्था पर फोकस करने की दरकार, भीड़ बढ़ा रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

त्योहारों की आहट के साथ बाजारों में भीड़ बढ़ने लगी है, लेकिन शहर की सड़कों पर यातायात को नियंत्रित करने कोई प्लान नजर नही आ रहा है। यातायात विभाग व्यवस्था को छोड़ केवल चालानी कार्रवाई पर फोकस किए हुए हैं। वहीं शहर में कोई भी घटना होने के बाद तत्काल चालानी कार्रवाई शुरु कर दी जाती है।

त्यौहारी सीजन में सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहन, ठेलों के आसपास जुटी भीड़ और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी ने आवागमन को मुश्किल बना दिया है। बरोंडा चौक और नेहरू चौक पर हालात ज्यादा गंभीर हैं, जहां सड़क पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा है।

शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर बरोंडा चौक और नेहरू चौक पर सामान्य दिनों में भी वाहनों का दबाव बना रहता है। त्योहारी खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ने पर स्थिति और बिगड़ जाती है। बाजार पहुंचने वाले कई लोग अपने दोपहिया और चारपहिया वाहन सड़क किनारे खड़े कर देते हैं। ऐसे में आमने-सामने से आने वाले वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है। थोड़ी सी असावधानी भी वाहनों की लंबी कतार और जाम की स्थिति पैदा कर सकती है। मुख्य मार्गों के दोनों किनारों पर लगने वाले ठेले इस समस्या को और बढ़ा रहे हैं। ठेलों पर खरीदारी करने वालों की भीड़ सड़क तक पहुंच जाती है, जिससे वाहनों की आवाजाही के लिए उपलब्ध जगह घट जाती है। बाजार से जुड़े मार्गों पर इसका असर अधिक दिखाई देता है। सड़क पर पार्किंग और ठेलों के कारण पैदा होने वाली अव्यवस्था का खामियाजा उन वाहन चालकों को भुगतना पड़ता है, जिन्हें उसी रास्ते से होकर गुजरना होता है। रायपुर रोड पर भी जगह-जगह सड़क किनारे वाहन खड़े दिखाई देते हैं। वाहनों की आवाजाही के बीच अचानक रास्ता बदलना या संकरे हिस्से से निकलने की कोशिश दुर्घटना की आशंका बढ़ाती है। शहर की सड़कों पर रात होते ही मवेशियों का जमावड़ा लग जाता है। अंधेरे में सड़क पर बैठे मवेशी दूर से नजर नहीं आते।



दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुधार की जरूरत

शहर में यातायात का दबाव एक तरफ चिंता बढ़ा रहा है, वहीं राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा के इंतजाम भी महत्वपूर्ण हैं। जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और मद्रास के विशेषज्ञों की संयुक्त टीम ने दुर्घटनाजन्य ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विशेषज्ञों और अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सड़क की बनावट, साइन बोर्ड, प्रकाश व्यवस्था, डिवाइडर और दुर्घटना के मुख्य कारणों का गहन अध्ययन किया। राजमार्गों के किनारे अवैध पार्किंग पर रोक लगाने की जरूरत भी बताई गई थी।

बिंद्रावन बाजार में सब्जी खरीदने गए लाइन मिस्त्री का मोबाइल चोरी

- नर्रा क्षेत्र के साप्ताहिक बाजारों में मोबाइल चोर सक्रिय, शिकायत के बाद कोमाखान पुलिस ने की शुरू की जांच कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

ग्रामीण अंचलों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में इन दिनों मोबाइल चोर गिरोह काफी सक्रिय नजर आ रहा है। ग्रामीण जब साप्ताहिक बाजारों में अपनी दैनिक जरूरतों और सब्जियां खरीदने पहुंचते हैं, तो चोर उनकी जेब से मोबाइल पर हाथ साफ कर रहे हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला बिंद्रावन साप्ताहिक बाजार से सामने आया है।

शर्ट की जेब से पार हुआ मोबाइल

मिली जानकारी के अनुसार नर्रा के लाइन मिस्त्री पवन कुमार पटेल पिता गणेश राम पटेल का बीते रविवार की लगभग साढ़े 4 बजे बिंद्रावन साप्ताहिक बाजार सब्जी खरीदने गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने भीड़भाड़ का फायदा उठाते हुए उनके शर्ट की जेब से उनका महंगा स्मार्टफोन चोरी कर लिया। घटना के बाद पीड़ति पवन कुमार पटेल ने तुरंत इसकी शिकायत कोमाखान थाने में दर्ज कराई है, जहां पुलिस ने आवेदन लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से क्षेत्र के आम नागरिकों और बाजार आने वाले खरीदारों में दहशत और नाराजगी का माहौल है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से साप्ताहिक बाजारों में चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

एक्सीडेंट में युवक की मौत, दूसरा घायल

महासमुंद। अमावस मोड़ तुमगांव तिराहा के पास एक हाईवा वाहन की टक्कर से बाइक में सवार एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध तुमगांव थाने में अपराध दर्ज किया गया है। 12 अक्टूबर को गणेश जेंड्रे अपने दोस्त पप्पू जेंड्रे के साथ पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 04 पीवी 1632 से अमावस से तुमगांव गया था, जब वह वापस तुमगांव से ग्राम अमावस आने के दौरान शाम करीबन 5 बजे एनएच 53 रोड अमावस मोड़ तुमगांव तिराहा रोड पार करते समय सामने से आ रहे हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 13 एई 2172 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाहीपूर्वक खतरनाक ढंग से चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से बाइक क्षतिग्रस्त हो गया, और घटना में गणेश जेंड्रे की सिर एवं चेहरे में गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे पप्पू जेंड्रे पिता मालिक राम जेंड्रे (32 वर्ष) के सिर में चोट आई है, जिसे सीएचसी तुमगांव लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल महासमुंद रेफर किया गया है। मामले की रिपोर्ट मृतक के चाचा भगवानी जेंड्रे ने तुमगांव थाने में दर्ज कराई है, जिस पर आरोपी वाहन चालक के धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

गाय-बैलों को ओडिशा के कत्लखाना ले जा रहे दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गाय-बैलों को क्रूरतापूर्वक ओडिशा के कत्लखाना ले जा रहे दो लोगों को सांकरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 12 नग गाय, बैल, बछड़े को बरामद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि 13 अक्टूबर को प्रार्थी हिमांशु प्रधान ने थाने मे लिखित आवेदन पेश किया कि 13 अक्टूबर को लगभग 02.30 बजे उसे फोन के माध्यम से सूचना मिली कि दो व्यक्ति गाय, बैल को हांकते हुए मारते पीटते झगरेनडीह से सांकरा के रास्ते होते हुए कत्ल करने के इरादे से ओडिशा की ओर ले जा रहे हैं। सूचना मिलने पर वह अपने दोस्तों डिगेश यादव एवं मोहित साहू के साथ संत अन्ना चौक के पास गया, जहां कुछ समय में दो व्यक्ति गाय बैल को हांकते मारते हुए सांकरा की ओर आते हुये दिखे, जिनमें से एक व्यक्ति उन लोगों को देखकर भाग गया।

वहीं पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम सुरेंद्र साहू पिता चतुर्भुज साहू (50 साल) छुवालीपतेरा थाना सांकरा का रहने वाला बताया व भागने वाले व्यक्ति का नाम ऋषि चौहान निवासी छुवालीपतेरा होना बताया। बरामद मवेशियों तीन गाय, छह नग बैल व तीन बछड़े थे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

खबर संक्षेप

40 लीटर शराब बरामद एक बंदी, दूसरा फरार

महासमुंद। ग्राम झालपाली नाला जाम पेड़ के पास सरायपाली पुलिस ने महुआ शराब बरामद किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। 12 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति झालपाली नाला जाम पेड के नीचे अवैध महुआ शराब बिक्री के लिए रखा हुआ है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति फरार हो गया। पकड़े गए एक व्यक्ति ने अपना नाम सावन सिदार पिता सिदार सिंह (34 साल) माधोपाली थाना सरायपाली होना बताया और मौके से फरार व्यक्ति का नाम पूछने पर उसका नाम विनोद रात्रे पिता धनीराम रात्रे (33 साल) झालपाली थाना सरायपाली होना बताया। आरोपी के कब्जे कुल 40 लीटर महुआ शराब कीमत 8000 रुपए को बरामद किया गया। आरोपियों के धारा 34(2) आब. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम किया रौशन

22 में 11 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा में होंगे शामिल, जाएंगे कर्नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ की राजधानी स्थित ब्रह्मविद

- छग में पहली बार हुई एंड्योरेंस चैंपियनशिप में महासमुंद के स्केटर्स ने किया शानदार प्रदर्शन, पदक प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने जाएंगे कर्नाटक

स्कूल में पहली बार आयोजित एंड्योरेंस चैंपियनशिप में महासमुंद के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया। प्रदेशभर से 500 से अधिक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। जिसमें महासमुंद स्थित मजेस्टिक स्केट एरीना के कोच सौरभ सचदेव के मार्गदर्शन में 22 खिलाड़ियों में से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए और 11 खिलाड़ियों ने पदक हासिल कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने 11 खिलाड़ी कर्नाटक जाएंगे।

कोच सौरभ सचदेव ने बताया कि एंड्योरेंस चैंपियनशिप में सफलता हासिल करने के लिए गति के साथ खिलाड़ियों ने शारीरिक क्षमता, निरंतरता और धैर्य का भी शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जगह बनाई है।



प्रतियोगिता में मजेस्टिक स्केट एरीना के खिलाड़ी खुशाल ध्रुव ने स्वर्ण पदक, गर्व चंद्राकर ने रजत पदक, आर्यन सोनी ने 1 कांस्य पदक, माही सचदेव ने 2 कांस्य पदक, शिव्या अग्रवाल ने 2 कांस्य पदक, प्रिशा जैन, ने 2 कांस्य पदक, भावेश शर्मा ने 1 कांस्य पदक, दर्शील देवड़वाल ने 1 कांस्य पदक, आदित्य माहेश्वरी ने 1 कांस्य पदक और अनहद सिंह गुरुदत्ता ने 1 कांस्य पदक हासिल किए। कोच सौरभ सचदेव भी प्रतियोगिता में शामिल हुए और एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता।

मजेस्टिक स्केट एरीना के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से महासमुंद में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित एंड्योरेंस चैंपियनशिप में महासमुंद के खिलाड़ियों की उपलब्धि जिले के खेल जगत के लिए उत्साहजनक है।

घर की बाड़ी से पंप चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम भिथीडीह में एक घर की बाड़ी से पंप चोरी के मामले में पिथौरा थाने में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। भिथीडीह निवासी परशुराम कन्नौजे 12 अक्टूबर की शाम 5 बजे पिथौरा बाजार घरेलू समान खरीदने के लिये आया था, समान खरीद कर अपने घर करीबन 7:30 बजे आया तो देखा कि घर की बाड़ी में टुल्लू मोटर पंप का पाइप कटा मिला। कुछ देर बाद सामने से आ रहा था, तब देखा कि एक मोटर साइकिल में दो व्यक्ति यशवंत यादव, डायमंड बरिहा निवासी अर्जुनी (मुडीपार पिथौरा) टुल्लू पंप कीमत लगभग 7000 हजार रुपए को चोरी करके ले जा रहे थे। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(5), 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।रिपोर्ट के बाद पुलिस ने विवेचना के दौरान संदेही यशवंत यादव पिता संतराम यादव (35 साल) अर्जुनी और डायमंड बरिहा पिता बुधराम बरिहा (27 साल) अर्जुनी को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ किया, जिस पर पकड़े गए



आरोपियों ने जीवन यादव के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से चोरी को अंजाम देना बताए। आरोपियों के कब्जे से पंप को बरामद किया वहीं फरार आरोपी जीवन यादव की तलाश की जा रही है।

खबर संक्षेप



कबड्डी स्पर्धा में भाग लेंगे जिले के खिलाड़ी

महासमुंद। 26वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता 16 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2026 तक करही जिला मुंगेली आयोजित होगी। भाग लेने हेतु एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन जिला महासमुंद की ओर से चयन सूची जारी की गई है। इसमें युवराज ध्रुव सरेकेल, हेमंत ध्रुव कुरूभाठा, योगेश भोई जलगढ़, प्रितेश बारिक जलगढ़, ट्विंकल सेठ रोहिना, रोहन सिदार मेदिनीपुर, हरीश ठाकुर बसुलाडबरी, पियूष नायक कौहाकुड़ा, मनीष कुमार यादव लोहारडीह, मितेश सोम खट्टी, प्रवीण डड़सेना पचरी, चंदन विश्वकर्मा ढांक, ऋषि ध्रुवंशी ढांक एवं तुलेश्वर बरिहा बुंदेली शामिल हैं।



न्योता भोज में छात्रों को खिलाया गुपचुप

महासमुंद। पीएमश्री बृजराज का न्योता भोज बच्चों के लिए विशेष रहा। स्कूल में छात्र, शिक्षक, पालक सभी के पसंदीदा पानीपूरी (गुपचुप) एवं भेल का आनंद लिया। कक्षा पांचवी से मानसी साहू के जन्मदिन पर उनके माता दीपिका एवं पिता रामचंद्र द्वारा शाला के सभी 200 छात्र एवं स्टाफ को गुपचुप खिलाया गया।



जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस शिविर 27 से

महासमुंद। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 27, 28 और 29 अक्टूबर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस शिविर स्थल निरीक्षण एवं शिविर संचालन के लिए विस्तारपूर्वक चर्चा उपरांत कार्य विभाजन कर संबंधित अधिकारी कर्मचारी को जिम्मेदारी सौंपी गई। शिविर के लिए बिरकोनी मंदिर परिसर का चयन किया गया। बैठक का आयोजन कलेक्टर के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें सभापति जिला रेडक्रॉस संदीप दीवान, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, अंजली बरमाल, निर्मला कुजूर, राजेश्वर खरे, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, आकाश पांडेय, हेमंत डड़सेना, प्रवीण दीवान, सीआर अग्रवाल, श्रवण कुमार सिन्हा, मन्नू लाल मालेकर, जगदीश चंद्राकर, मनहरण लाल भट्ट, अनुपमा मानिकपुरी उपस्थित हुए। संचालन व्याख्याता लक्ष्मण दास मानिकपुरी ने किया। शिविर संचालन के लिए जिला रेडक्रॉस प्रभारी डॉक्टर अशोक गिरी गोस्वामी, सचिव महासमुंद किरण पटेल, सचिव बागबाहरा परस राम सिन्हा द्वारा सुझाव दिए गए। शिविर संचालन हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी के प्राचार्य एसके सोरी को अधिकृत किया गया है।

मांग : सर्व आदिवासी समाज पिथौरा ने मुख्यमंत्री के नाम को सौंपा ज्ञापन

शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस (10 दिसंबर) पर सार्वजनिक या स्थानीय अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर विभिन्न संगठनों और समाज के लोगों द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में सर्व आदिवासी समाज पिथौरा ब्लाक के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में समाज द्वारा कहा गया है कि छत्तीसगढ़ की माटी के गौरव, 1857 की क्रांति के महानायक और प्रदेश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस 10 दिसंबर को पूरे राज्य में अत्यंत श्रद्धा और गौरव के साथ मनाया जाता है। उन्होंने अकाल के समय गरीबों और



आदिवासियों के अधिकारों एवं प्राणों की रक्षा के लिए ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष किया और अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। छत्तीसगढ़ की संस्कृति, अस्मिता और इतिहास में उनका स्थान अत्यंत सम्मानीय एवं स्मरणीय है। इस पावन अवसर पर सर्व समाज, छात्र-छात्राओं और शासकीय कर्मचारियों को उनकी स्मृति में आयोजित कार्यक्रमों और गौरव यात्राओं में सम्मिलित होने के लिए समय मिलना आवश्यक है।

अतः विनम्र आग्रह है कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को जिले में स्थानीय अवकाश घोषित करने की कृपा करें, ताकि सर्व समाज के लोग इस वीर सपूत को सामूहिक रूप से नमन कर सकें और उनके आदर्शों को आत्मसात कर सकें। इस अवसर पर मनराखन ठाकुर अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक पिथौरा, गजेंद्र बरिहा अध्यक्ष अखिल बिंझवार समाज छत्तीसगढ़ कार्यकारिणी, संतु बरिहा सह सचिव, मनोज बरिहा अध्यक्ष युवा प्रभाग कौडिया, श्याम कुमार नेताम सचिव सर्व आदिवासी समाज कौड़ियां महासंघ पिथौरा, आलेख भोई अध्यक्ष युवा प्रभाग कौड़िया महासंघ पिथौरा, आनंद बिंझवार सचिव युवा प्रभाग, जुगेश्वर बिंझवार सरपंच ग्राम पंचायत डूमरपाली, कार्तिक बिंझवार, सनत बिंझवार, बिनोद बिंझवार, विश्राम ठाकुर, परिमल कश्यप सहित सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



शिक्षक का सम्मान, मानवीय परंपरा का सम्मान

महासमुंद। मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही के सदस्यगण, कोकड़ी स्कूल, मानव जागृति सेवा संस्थान बुलाकी गोर्रा डीपा रायगढ़ के सदस्यों समेत बड़ी संख्या में उर्मिला अध्यापिका के विदाई समारोह में उपस्थित रहे। वो पुटका पुरी सरकारी स्कूल में अध्यापिका थी। 42 वर्षों तक उन्होंने अध्यापन कार्य कराया है। अब वो अपना बाकी समय मानव समाज के जागृति के लिए समर्पित करेंगी। मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही के संचालक शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने बताया कि उर्मिला साहसिक, नीडर, स्वावलंबी, जनप्रिय, समाज सेवी, बाल हितैषी, पर्यावरण प्रेमी, कवयित्री, जैविक कृषि समेत अनेक क्षेत्रों में अग्रणी व समर्पित थी। उनके पढ़ाए बच्चे विभिन्न जीवन विद्या अध्ययन केंद्रों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। अब मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही महासमुंद की संचालिका हैं। कोकड़िया ने कहा कि शिक्षक का सम्मान, मानवीय परंपरा का सम्मान है। शिक्षक चेतना के साथ काम करते हैं, आगे की पीढ़ी तैयार करते हैं। विदाई व सम्मान समारोह वे अपने वेतन का 1 लाख मानवीय जागृति सेवा संस्थान बुलाकी गोर्रा डीपा, 7 हजार गांव में सामाजिक काम के लिए एवं 25 हजार रुपए रायपुर की लक्ष्मी ने दान की।

स्वास्थ्य शिविर में 35 मरीजों का निःशुल्क इलाज

महासमुंद। मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत 12 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर मनो-सामाजिक परामर्श एवं वृहद जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रामकेश्वर सिंह कुशवाहा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे एवं जिला नोडल अधिकारी (मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम) डॉ. सीपी चंद्राकर के विशेष दिशा-निर्देशों में हुआ। शिविर का संचालन बसना के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण साहू एवं ब्लॉक नोडल अधिकारी (मानसिक स्वास्थ्य) डॉ. राजीव पटेल की देख रेख में किया गया। इस शिविर में ब्लॉक के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी अंचलों से पहुंचे कुल 35 मानसिक स्वास्थ्य से प्रभावित मरीजों की गहन जांच की गई तथा उन्हें स्वास्थ्य केंद्र की ओर से निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में विशेष रूप से शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद के 'स्पर्श क्लिनिक' से आए साइकियाट्रिक सोशल वर्कर राम गोपाल खुंटे एवं क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट दिव्यानी सेन (बसना) द्वारा मरीजों को गहन मनो-सामाजिक परामर्श प्रदान किया गया। विशेषज्ञों ने अवसाद, अनिद्रा, अत्यधिक चिंता और मानसिक विकारों से पीड़ित मरीजों की केस-हिस्ट्री मैपिंग कर उनके परिजनों को भी काउंसिल किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रोग्राम प्रबंधक डालचंद नायक एवं लोकेश प्रधान सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना के स्टाफ का योगदान रहा।

भाजयुमो महासमुंद शहर की कार्यकारिणी घोषित

महासमुंद। भारतीय जनता युवा मोर्चा महासमुंद शहर मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के मार्गदर्शन में, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, भाजपा महासमुंद मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका तथा भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमन वर्मा के अनुशंसा एवं निर्देशानुसार शहर मंडल अध्यक्ष राकेश सचदेव द्वारा नई कार्यकारिणी की सूची जारी की गई है । बता दें कि नई कार्यकारिणी में संगठन को मजबूत बनाने, युवाओं को जोड़ने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पदाधिकारियों की सूची में उपाध्यक्ष गोपाल प्रधान, मुनेश्वर साहू, कुशल साहू, सुमंत शर्मा, महामंत्री अमित साहू, गौरव राठी, मंत्री अभिषेक राव, रोमिल चंद्राकर, शिवा राजपूत, दीपक चंद्राकर, कोषाध्यक्ष अंकुश सिंह गौर, सह कोषाध्यक्ष पलाश यादव, दिव्यांश शर्मा, मीडिया प्रभारी चुलबुल पांडेय, सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक डेनियल, सोशल मीडिया सह प्रभारी प्रकाश राय, खेल एवं युवा प्रमुख दीपेश बेलदार, प्रचार-प्रसार प्रमुख महेंद्र ध्रुव, कन्या शक्ति संयोजिका पद्मिनी साहू, कन्या शक्ति सह संयोजिका शिवानी नायक को नियुक्त किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा महासमुंद शहर मंडल अध्यक्ष राकेश सचदेव ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ संगठन की जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता जनसेवा और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से आपसी समन्वय, अनुशासन और एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।



झारा स्कूल में 19 दिनों से बिजली बंद

महासमुंद। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झारा में गत कई दिनों से बिजली कनेक्शन कट गया है। बीते 24 सितंबर से आज दिनांक तक 19 दिन से बिजली बंद है। इससे स्कूल में छात्रों व स्टाफ को भारी परेशानी हो रही है। इस संबंध में शासन प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया हैं, लेकिन आजपर्यंत तक बिजली समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। स्कूल में बिजली बंद होने से पेयजल व टायलेट में पानी की किल्लत है। अध्ययन कार्य प्रभावित हो रहा है।



मिट्टी में गढ़ा सपना, सुशासन ने दी उड़ानः लक्ष्मी के हुनर को मिला सरकार का सहारा

महासमुंद। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार लगातार प्रदेशवासियों के हित में कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं का आमजनों को भरपूर लाभ मिल रहा है। लक्ष्मी चक्रधारी शहर के नयापारा वार्ड की रहने वाली हैं। जो कुम्हार है और मिट्टी के दिए, मूर्तियां बनाती हैं। पहले वे छोटे स्तर पर ही व्यवसाय करती थी। जिससे उनकी आमदनी भी कम होती थी। राज्य सरकार की छत्तीसगढ़ महिला कोष सक्षम योजना के लिए उन्होनें महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के सामने अपनी बात रखी। छत्तीसगढ़ महिला कोष सक्षम योजना के तहत उनको राशि प्रदान की गई। जिससे लक्ष्मी चक्रधारी को अपना व्यवसाय बढ़ाने में सहायता मिली। अब वे अपने साथियों के साथ मिल कर बड़े स्तर पर अपने हुनर से मिट्टी से सुंदर मूर्तियां, प्रतिमाएं और दीए का निर्माण कर रही है। लक्ष्मी चक्रधारी ने योजना का लाभ मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की।

शबर समाज की गौरवशाली विरासत और सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करना आवश्यक : पद्मश्री हलधर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

आदिवासी शबर समाज के आराध्य देव भगवान नीलमाधव के मंदिर परिसर में विश्वावसु शबर समाज के तत्वावधान में राज्य स्तरीय नुआखाई भेंटघाट–2026 का आयोजन किया गया। ओडिशा के पाटनागढ़ के समीप गंडामेल स्थित इस ऐतिहासिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक समारोह में ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शबर, सहारा एवं सौंरा समाज के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, प्रशासनिक अधिकारियों, साहित्यकारों, सांस्कृतिक हस्तियों और समाज के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। समारोह में पूर्व राज्यसभा सांसद निरंजन बिशी मुख्य अतिथि तथा सुप्रसिद्ध लोककवि पद्मश्री हलधर नाग मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ राज्य शबर समाज के अध्यक्ष प्रेमलाल सिद्दार, अखिल भारतीय शबर समाज महासंघ के राष्ट्रीय समन्वयक फणींद्र भोई तथा रायपुर के शिक्षाविद प्रोफेसर गजानन भोई ने विशिष्ट वक्ताओं के रूप में समारोह को संबोधित किया।

शबर समाज की गौरवशाली विरासत और सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करना आवश्यक : पद्मश्री हलधर

मुख्य वक्ता पद्मश्री लोककवि हलधर नाग ने शबर समाज के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध लोकसंस्कृति, भाषा, साहित्य, लोककला, लोकगीत, लोकनृत्य, धार्मिक आस्थाओं, रीति-रिवाजों, पारंपरिक जीवनशैली तथा सांस्कृतिक विरासत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शबर समाज का इतिहास अत्यंत प्राचीन और गौरवशाली रहा है। समाज की सांस्कृतिक पहचान, धार्मिक आस्था तथा प्रकृति के साथ उसका अटूट संबंध उसकी विशिष्ट पहचान है। उन्होंने शबरी नारायण की परंपरा, भगवान नीलमाधव की आराधना, विश्वावसु शबर तथा जरा शबर से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं एवं लोककथाओं का उल्लेख करते हुए शबर समाज की प्राचीन धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर विशेष बल दिया।

दुर्गा पंडालों में पहुंचकर नपाध्यक्ष ने माता से मांगा नगर की समृद्धि का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में पहुंचकर माता रानी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा से समस्त नगरवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और निरोगी जीवन की कामना की। अध्यक्ष साहू ने शहर के प्रमुख पंडालों में पहुंचकर माता के दरबार में मत्था टेका और आरती में शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि नवरात्रि शक्ति और भक्ति का पर्व है। मां दुर्गा की आराधना से नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह पर्व हमें



सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा की गई आकर्षक सजावट और व्यवस्थाओं की सराहना की और समितियों के सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नगर में शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में दुर्गा उत्सव मनाया जा रहा है, जो नगर की एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर दुर्गा समिति के सदस्य गण और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

बिरकोनी में ज्योत जंवारा व प्रतिमा की हुई स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में शारदीय नवरात्रि

- बिरकोनी में एक ही जगह विराजित की है दुर्गा प्रतिमा

महोत्सव के चलते बाजार चौक के दुर्गा मंदिर में विराजित मां के दरबार में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। ग्राम के श्रद्धालुओं ने एक ही जगह पर मां की प्रतिमा विराजित की है, जिसे एकता और भाईचारा का संदेश दिया जा रहा है। सभी ग्रामवासी एकत्रित होकर पूजा में शामिल हुए। इस दौरान ग्राम के पुरोहित द्वारा शुभ मुहूर्त में मां दुर्गा के पूजा पाठ और वैदिक मंत्रों के जाप से भव्य प्रतिमा को स्थापित कर धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। साथ ही मंदिर कक्ष में 67 ज्योति कलश और जंवारा



स्थापित किया गया। यहां प्रत्येक वर्ष ज्योति कलश की संख्या बढ़ती जा रही है। दुर्गा पंडाल में श्रद्धालुओं के लिए दरबार को सजावट से आकर्षक का केंद्र बनाया गया है। नवरात्र में पूरे नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना भक्तों द्वारा की जा रही है। ग्राम व बाहर के मंडली द्वारा सेवा जसजीत की प्रस्तुति दी जा रही है। चतुर्थी तिथि को संध्या पूजा अर्चना के बाद रात्रि 8 बजे से झांकी की प्रस्तुति दी जाएगी। पंचमी को छप्पन भोग महाआरती का आयोजन किया जाएगा। षष्ठी को रात्रि 9 बजे से गरबा नृत्य का आयोजन बाहर व स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। अष्टमी को हवन पूर्णाहुति के बाद भव्य भंडारा में महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। रात्रि 10 छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर भुइया के माटी की प्रस्तुति कलाकार द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

महर्षि विद्या मंदिर में आपदा प्रबंधन पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर माय भारत द्वारा महर्षि विद्या मंदिर मचेवा में आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य



विद्यार्थियों को आपदा से बचाव, अग्नि सुरक्षा, यातायात नियमों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित रहने के उपायों के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी वसुंधरा साहू के मार्गदर्शन में तथा माय भारत वॉलेंटियर ग्रंथ चोपड़ा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान अग्निशमन एवं यातायात विभाग की टीमों ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया। साथ ही पोस्टर मेकिंग, डिजास्टर हंट रेडी चैलेंज एवं स्पीच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में अग्निशमन दल की टीम ने विद्यार्थियों को आग से बचाव, अग्नि सुरक्षा के उपायों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों को बताया गया कि आग लगने जैसी परिस्थितियों में घबराने के बजाय सतर्कता बरतना, सुरक्षित स्थान पर पहुँचना और संबंधित आपातकालीन सेवाओं की सहायता लेना आवश्यक है। अग्निशमन दल हवलदार जमपाल सिंह युधिष्ठिर बरेठ, सुधराम बरेठ, चंद्रेश्वर साहू, गणेश राम, चालक महेंद्र सोनी शामिल रहे। अग्निशमन दल द्वारा दिया गया प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक रहा। इससे उनमें अग्नि सुरक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों में उचित सावधानी बरतने के प्रति जागरूकता बढ़ी। यातायात विभाग की टीम ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा, सुरक्षित आवागमन तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को हेलमेट के उपयोग, सड़क पर सतर्कता और यातायात नियमों के पालन के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। यातायात विभाग के सदस्यों मनीष भंडारिया सहायक उपनिरीक्षक, महेंद्र दीवान आरक्षक, जयप्रकाश आरक्षक शामिल रहे। यातायात विभाग द्वारा दिया गया प्रशिक्षण विद्यार्थियों को जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने वाला रहा। दोनों विभागों की सहभागिता ने कार्यक्रम को अधिक उपयोगी एवं प्रभावशाली बनाया।कार्यक्रम में एमएस राव प्राचार्य, आरके तिवारी तथा कुबेर गिरी गोस्वामी सहित संबंधित विभागों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की और विद्यार्थियों को सुरक्षा, सतर्कता तथा आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेता

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा एवं रचनात्मक सोच के माध्यम से आपदा जागरूकता से जुड़े विषयों को प्रस्तुत किया। इसमें प्रथम राधिका यादव महर्षि विद्या मंदिर स्कूल, द्वितीय तृप्ति साहू देव संस्कृत स्कूल एवं तृतीय भारती ठाकुर कुड़छेपर रहे। डिजास्टर हंट रेडी चैलेंज में देव संस्कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम के आठ प्रतिभागी विद्यार्थियों में यशु साहू, पल्लवी यादव, गीतांजलि निर्मलकर, जानवी साहू, छाया चंद्राकर, वासिका चंद्राकर, हिमानी साहू, सिद्धि नायक शामिल रहे। स्पीच प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने विचारों एवं प्रभावशाली अभिव्यक्ति के माध्यम से आपदा प्रबंधन, सुरक्षा और जागरूकता के महत्व को प्रस्तुत किया। इसमें प्रथम वाणी यादव महर्षि विद्या मंदिर स्कूल, द्वितीय ताइबा फातिमा गुड शेफर्ड स्कूल एवं तृतीय जानिया चतुर्वेदी रहे। कार्यक्रम में माय भारत के स्वयंसेवक गजेंद्र चक्रधारी, लक्ष यादव, हिमेश साहू, राहुल साहू, रेवती रमन, सुधीर यादव, अनन्या चंद्राकर एवं मनुज आदित्य आदि का सहयोग रहा।

